Ans. (d) : राजस्थान विधान सभा के प्रथम प्रोटेम स्पीकर महाराव संग्राम सिंह थे। 15 वीं विधान सभा के प्रोटेम स्पीकर श्री गुलाबचंद कटारिया थे। राजस्थान विधान सभा के वर्तमान स्पीकर डॉ. सी.पी. जोशी हैं।

29. राजस्थान विधान सभा में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अविलम्बनीय मामलों में निम्नांकित में से कौन अध्यक्ष की ओर से विधेयक को प्रमाणित कर सकता है?

(a) उपाध्यक्ष (b) संसदीय कार्य मंत्री
(c) विधान सभा का सचिव (d) संसदीय सचिव

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (a) : राजस्थान विधानसभा द्वारा अपने सदस्यों में से एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। अध्यक्ष अपना त्यागपत्र, उपाध्यक्ष को दे सकता है। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष विधान सभा का संचालन करता है। यह अविलम्बनीय मामलों में भी विधेयक को प्रमाणित कर सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 178 से 181 तक में राज्य विधान सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष संबंधी प्रावधान वर्णित है।

30. राजस्थान विधान सभा की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन बनी?

(a) सुमित्रा सिंह (b) विद्या पाठक
(c) उजला अरोड़ा (d) कमला बेनीवाल

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) – राजस्थान विधान सभा की पहली महिला अध्यक्ष सुमित्रा सिंह बनी थी। सुमित्रा सिंह 2004 में 12वीं विधानसभा की अध्यक्ष बनीं थी।

31. 'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों' के अनुसार निम्नांकित में से कौन से विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन नहीं है?

(a) सार्वजनिक निर्माण विभाग (b)गृह विभाग
(c) शिक्षा विभाग (d) वित्त विभाग

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (b) : राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के अनुसार विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन विभाग- सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग और वित्त विभाग हैं जबकि गृह विभाग इस समिति के नियंत्रण में नहीं आता है।
अतः स्पष्ट है कि विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

32. बेंगूँ के वर्तमान विधायक हैं?

(a) चन्द्रभान सिंह आक्या (b) अर्जुनलाल जीनगर
(c) बिधुरी राजेन्द्र सिंह (d) अंजना उदयलाल

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : चित्तौड़गढ़ जिले की बेंगू, विधानसभा सीट पर 2018 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के विधूरी राजेन्द्र सिंह ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने बी.जे.पी. के सुरेश धाकड़ को हराया था।

33. राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या 200 किस वर्ष हुई?

(a) 1952 (b) 1967
(c) 1977 (d) 1987

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (c) : वर्ष 1977 के परिसीमन में राजस्थान विधान सभा की सदस्य संख्या बढ़ाकर 200 कर दी गयी। पहली राजस्थान विधान सभा जो मार्च 1952 में अस्तित्व में आई, जिसमें सदस्यों की संख्या 160 निर्धारित की गई थी जिसे राजस्थान के साथ पूर्व अजमेर राज्य के विलय के बाद 190 तक बढ़ा दिया गया था। दूसरी और तीसरी विधानसभाओं की संख्या 176 थी और चौथी और पांचवी में 184 सदस्य थे। विधानसभा की सदस्य संख्या छठी विधानसभा से बढ़ाकर 200 कर दी गई।

34. निम्न में से कौन से विधानसभा चुनाव में, राजस्थान विधानसभा के सदस्यों की संख्या 184 से बढ़ाकर 200 कर दी गई थी?

(a) दूसरे विधानसभा चुनाव में
(b) चौथे विधानसभा चुनाव में
(c) छठे विधानसभा चुनाव में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

35. संसद में राजस्थान से कितने सदस्य चुने जाते हैं?

(a) 25 (b) 29
(c) 35 (d) 40

RPSC-2020

Ans. (c) : संसद में राजस्थान से कुल 35 सदस्य (25लोक सभा में और 10 राज्यसभा में) चुने जाते है। राजस्थान विधानसभा में कुल 200 सीटें हैं।

36. राजस्थान से अधिकतम चार बार राज्य सभा के लिए कौन निर्वाचित हुआ?

(a) अशोक गहलोत (b) गिरिजा व्यास
(c) ज्ञान प्रकाश पिलानिया (d) राम निवास मिर्धा

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से राम निवास मिर्धा सर्वाधिक चार बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। ये 1967, 1968, 1974 तथा 1980 के राज्यसभा चुनाव में राज्य से सांसद चुने गए थे। ज्ञातव्य है कि जसवंत सिंह भी राजस्थान से सर्वाधिक चार बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

37. .... विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

(a) उदयपुर (b) चित्तौड़गढ़
(c) बांसवाड़ा (d) भीलवाड़ा

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : बांसवाड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। राजस्थान विधानसभा में कुल 200 सीटे हैं। इनमें 142 सीट सामान्य, 33 सीट अनुसूचित जाति और 25 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

38. निम्न में से कौन राजस्थान से संविधान सभा के सदस्य नहीं थे?

(a) जे.बी. कृपलानी (b) जय नारायण व्यास
(c) हीरालाल शास्त्री (d) वी. टी. कृष्णामाचारी

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II